Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 09-04-2023 | अंक 536

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल



**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी थाना क्षेत्र के जूठहाआमा के पास शनिवार देर शाम सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया. घायल युवक की पहचान इसी थाना क्षेत्र के खुरजीओ गाँव निवासी 26 वर्षीय विकास कुमार रविदास के रूप में किया गया है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि घायल युवक बरमसिया से मोटरसाइकिल पर सवार होकर आपने घर खुरजीओ आ रहा था आने के क्रम में जूठहाआमा के पास बकरी के बच्चा बचाने के चक्कर मे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया.स्थानीय लोगो के पहल पर एम्बुलेंस को सूचना दिया पर वह समय पर नहीं पहुँचा.इसी क्रम में बिरनी पुलिस क्षेत्र के गश्ती कर रहे घटनास्थल पर पहुँचा और उसे बिरनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया.घायल युवक के सर पर गभीरं चोट है.ओर स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

### पानी की तलाश में जंगल से भटक कर गोविन्दपुर पहुंचा हिरण



**अपेम लाइव : विष्णुगढ**

विष्णुगढ़ प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत में रविवार को जंगल से भटक कर एक हिरण पहुंच गया। तेतरिया जंगल के किनारे हिरण पानी की तलाश में पहुंचा था। इसी बीच आवारा कुत्तों के झुंड ने हिरण पर हमला कर दिया। महुआ चुनने वाले ग्रामीणों की नजर जब हिरण पर पड़ी तो देखा कि कुत्तों का झुंड हिरन के पीछे पड़ा है। ग्रामीणों ने कुत्तों के झुंड को खदेड़ते हुए हिरन को सुरक्षित पकड़ कर बिहारी महतो को सौंप दिया। बिहारी महतो ने इसकी जानकारी गांव के अन्य लोगों को देते हुए हिरन को सुरक्षित गौशाला में रख दिया। इसके पश्चात इसकी जानकारी वन विभाग के कर्मियों को दी। सूचना पर वनरक्षी असलम अंसारी गांव पहुंचे और हिरण को अपने कब्जे में ले लिया। उन्होंने बताया कि हिरण के शरीर में कुछ जगहों पर चोट के निशान मिले थे। इसके बाद विष्णुगढ़ पशु चिकित्.सालय में डॉ सरोज की देखरेख में हिरन का इलाज कराया गया। वनरक्षी असलम अंसारी ने बताया कि हिरन की चोट गंभीर नही है। बताया कि ठीक होने के बाद हिरण को हजारीबाग राष्ट्रीय वन्य अभ्यारण्य में छोड़ा जाएगा।

# नेक्सजन किड्स इंटरनेशनल का छठा वर्षिकोतस्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

## शिक्षा ही सबसे बड़ी पूंजी, शिक्षा के बिना जीवन अधूरा : किशुन यादव









**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

नेक्सजन किड्स इंटरनेशनल स्कूल बरही का छठा वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, विद्यालय के संरक्षक परमेश्वर यादव, निदेशक संतोष यादव, समाजसेवी अशोक यादव एवं युगल यादव ने संयुक्त रूप से दीपं जलाकार किया। इस अवसर पर छोटे छोटे बच्चो के द्वारा एक से बढ़कर एक गीत संगीत नृत्य की प्रस्.तुति देकर उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। मौके पर वार्षिक परीक्षाफल भी घोषित किया गया। अपने अपने कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले बच्चो को मेडल एवं रिपोर्ट कार्ड देकर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। मौके पर बच्चो ने नाटक का मंचन कर भी समाज को संदेश दिया। कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा की शिक्षा ही आज के समय सबसे बड़ी पूंजी है। नेक्सजन किड्स इंटरनेशनल स्कूल छोटे छोटे बच्चों की निखारने का काम कर रहा है। इस विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मेहनत कर रही हैं। जिसका परिणाम है की बच्चे बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। परमेश्वर गोप ने कहा की नेक्स्जन किड्स इंटरनेशनल स्कूल के माध्यम से बच्चो की प्रतिभा निखारी जाती है। लेकिन अभिभावकों को भी इस पर ध्यान देने की जरूरत है। उपस्थित सभी अतिथियों को बुके के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अंजन मुखर्जी एवं संचालन पूजा कुमारी ने की। मौके पर निदेशक संतोष कुमार, प्रिंसिपल अंजन मुखर्जी एवं शिक्षिकाओं में कुमारी भारती, रीवा, आफिया प्रवीण, मीना देवी, मुस्कान, अंकिता श्रीवास्तव, प्रियंका बर्नवाल, ज्योति, लाइबा सिद्दीकी, नीलोफर, प्रियंका, पूजा सिंह एवं नीतू सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# उपायुक्त के निर्देश पर कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र के राजपुर में अवैध नकली शराब विक्रेताओं के विरुद्ध चलाया गया छापामारी अभियान

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर उत्पाद अधीक्षक शिव कुमार साहू के नेतृत्व में कान्हाचट्टी प्रखंड के राजपुर क्षेत्र में अवैध नकली शराब विक्रेताओं के विरुद्ध शनिवार को छापामारी अभियान चलाया गया।अभियान के क्रम में उत्पाद अधीक्षक द्वारा जानकारी दी गई कि राजपुर थाना क्षेत्र के राजपुर बाजार बस स्टैंड में अवैध रूप से नकली शराब का कारोबार किया जा रहा है। गुप्त सूचना मिली थी की बस स्टैंड के इर्द गिर्द बड़े पैमाने पर नकली शराब बनाया जा रहा है। इस गुप्त सूचना के आधार पर उस क्षेत्र में मेरी उपस्थिति में अवर निरीक्षक उत्पाद निर्मल मरांडी एवं शस्त्र बल के साथ छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रामचरित दांगी के 22 वर्षीय पुत्र उदित कुमार दांगी के किराना दुकान में छापामारी अभियान छलाया गया।जिसमें नकली ठ7 375 एम एल का 20 बोतल, 180 एम एल का 12 बोतल, ग्लेडियस



लिमोनी 180 एम एल 39 बोतल, मैगडoल्स नंबर 1 375 एम एल 16 बोतल, 180 एम एल के 19 बोतल को जब्त किया गया । साथ ही इस शराब के गोरख धंधे में संलिप्त उदित को भी गिरफ्तार किया गया।तथा गिरफ्तार लोगों के ऊपर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है।उत्पाद अधीक्षक ने कहा है कि अवैध रूप से संचा.लित शराब दुकानों को शील कर कार्रवाई की जाएगी।इधर उत्पाद विभाग के द्वारा किये गए छापेमारी के बाद शराब माफियाओं में हड़कम्प मच गया है।

वहीं उत्पाद अधीक्षक ने आम लोगो से कहा नशा करता है खराब, चतरा वासिओं आओ मिलकर करें इसका बहिष्कार।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर

## बरही : कांग्रेसियों ने जय भारत सत्याग्रह के तहत किया नुक्कड़ सभा का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही चौक पर संध्या 5 बजे जय भारत सत्याग्रह के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता व संचालन प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। वहीं इस नुक्कड़ सभा में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधानसभा प्रभारी अशोक सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक उमाशंकर अकेला शामिल हुए। नुक्कड़ सभा को संबो. धित करते हुए मुख्य अतिथि अशोक सिंह ने कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी की लोकसभा का सदस्यता रद्द करने पर मोदी सरकार की निंदा की, कहा की देश में विपक्ष की आवाज़ को भाजपा द्वारा दबाया जा रहा है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की विपक्ष को सदन में बोलने नही दिया जाता है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की ईडी और सीबीआई जैसे संस्था का दुरुपयोग कर भय का माहौल बनाया जा रहा है। विधायक उमाशंकर अकेला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की मोदी सरकार जिस प्रकार हथकंडे अपना रही है, उससे लोकतंत्र खतरे में है। पार्टी के सांसद राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता रद्द करना लोकतंत्र की हत्या है डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने बताया की भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव के समय कहा था की काला धन वापस आएगा और महंगाई कम करने की बात कही थी लेकिन अब तक ना ही काला धन वापस आया और ना ही महंगाई कम हुई बल्कि महंगाई और चरम सीमा पर पहुंच गई है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की सभी सरकारी विभागों को निजीकरण में बदल दिया गया। जिससे देश की स्थिति चरमरा गई है। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला, विधानसभा प्रभारी अशोक सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, प्रमुख मनोज रजक, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, चौपारण भाग 2 के जीप सदस्य रविशंकर अकेला, तोखन रविदास, बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बरही उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, मुखिया सिकंदर राणा, सेवा दल के अध्यक्ष उदय केशरी, राजेंद्र यादव, 20 सूत्री सदस्य रघुवीर यादव, अमित जयवाल, यमुना यादव, मंजीत यादव, रामकुमार दास, बीरेंद्र यादव, अशोक सिंह एवं देवा यादव सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## विश्व हिंदू परिषद की एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला गुड़ियों में हुआ आयोजित

### सनातन संस्कृति की समस्या का एकमात्र समाधान है मिलन केन्द्र : संजय चौबे

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



विश्व हिंदू परिषद का दो प्रखंड बरही व बरकट्ठा की पंचायत स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम लिटिल बोर्डिंग विद्यालय गुड़ियो में संपन्न हुआ । इस कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर एवं संचालन जिला मंत्री अरविंद मेहता ने किया। ।इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रांत बजरंग दल मिलन प्रमुख संजय चौबे एवं विभाग सामाजिक समरसता प्रमुख प्रवीण चंद्र सशरीर उपस्थित हुए । सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ मुख्य अतिथि के द्वारा इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात परिचय का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में बरही प्रखंड के 7 पंचायत एवं बरकट्ठा प्रखंड के 3 पंचायत के सभी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करते हुए प्रांत मिलन प्रमुख संजय चौबे ने कहा कि हमें विश्व हिंदू परिषद के कार्य योजना के तहत नियमित रूप से सभी कार्यक्रमों का सफल संचालन करना है । इसके लिए हमें ग्राम स्तर तक संगठित और मजबूत संगठन खड़ा करने की आवश्यकता है । यह कार्य तभी संभव है जब प्रखंड इकाई एवं पंचायत स्तरीय इकाई ग्राम स्तर पर सुयोग्य अनुभवी एवं सनातन की भावना से ओतप्रोत प्रशिक्षित कार्यकर्ता संगठन निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। यदि प्रशिक्षित कार्यकर्ता संगठन निर्माण की कार्य योजना को मूर्त रूप देते हैं तो बनने वाला संगठन भी एक प्रकार से प्रशिक्षित संगठन हो जाएगा । ऐसी स्थिति में ना सिर्फ गांव बल्कि पंचायत , प्रखंड जिला और राज्य को भी मजबूती प्राप्त होगी। इसके साथ ही सनातन संस्कृति के साथ घटित होने वाली घटनाओं का एकमात्र विकल्प शक्तिशाली मिलन केन्द्र का संचालन करना है इससे सभी प्रकार की सामाजिक समस्या का अवलोकन हो जायेगा। इस हेतू 21 मई से 31 मई तक लगने वाले प्रशिक्षण शिविर में उन्होंने अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं के शामिल होने का आह्वान किया और कहा कि आप प्रशिक्षित होकर सनातन समाज को एकजुट करने का कार्य करें।इस कार्यक्रम में उपरोक्त पदाधिकारी के अलावा जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मिथिलेश कुमार, जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार प्रखंड बजरंग दल संयोजक अरविंद कुमार ,बजरंग दल सहसंयोजक नितेश कुमार, बरकट्ठा प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव ,प्रखंड मंत्री सत्यम भारती, प्रचार प्रसार प्रमुख धीरज गुप्ता, बजरंग दल संयोजक दीपक राणा, बरकट्ठा उत्तरी मंत्री सुजीत मोदी, झूरझूरी पंचायत मंत्री अमित सोनी, अध्यक्ष सुखदेव यादव राजेश पासवान, दीपक कुमार ,कोडरमा नगर संयोजक आदित्य पाण्डेय, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष निरंजन केशरी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मंडल प्रमुख सुरेश यादव सहित सैकड़ों रामभक्त शामिल हुए।

## समाजसेवी भगवान केशरी के पिता ईश्वर साव केशरी के ब्रह्मभोज में शामिल हुए कई दिग्गज

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



श्रद्धा सुमन अर्पित करते बरही के लोग

तिलैया रोड बरही निवासी झारखंड केशरवाणी वैश्य महासभा के प्रदेश महामंत्री भगवान केशरी के पिता स्व ईश्वर साव केशरी के भ्रह्मभोज कार्यक्रम में काफी संख्या में सभी राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों के लोग शामिल हुए। उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। ज्ञात हो की पिछले दिनों 102 वर्ष की उम्र में ईश्वर साव केशरी जी का निधन हो गया था। वे काफी दिनों से बीमार थे। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालो में अपेम निदेशक कपिल प्रसाद केशरी, झामुमो नेता बिनोद विश्वकर्मा, भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व जिप सदस्य संतोष रविदास, संजय चंद्रवंशी, पंकज वर्णवाल, गुरुदेव गुप्ता, नंद किशोर कुमार, अशोक निषाद, भगवान केशरी, बलराम केशरी, विवेक विश्वकर्मा, काशी केशरी, मेवालाल केशरी, सुबोध केशरी, मोतीलाल चौधरी, मनोज कर्णदेव, जगदीश सिंह, राजेश केशरी, अशोक यादव, मनोज कुमार, महेंद्र केशरी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## सीयूईटी – यूजी के लिए आज से खुला पोर्टल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट अंडरग्रेजुएट ( सीयूईटी – यूजी 2023) के लिए आवेदन पोर्टल को रविवार से फिर खोलने का फैसला किया है। सीयूईटी – यूजी 2023 के लिए आवेदन पत्र न जमा कर पाए उम्मीदवार यूजी कोर्स में दाखिले के लिए आज से मंगलवार 11 अप्रैल रात 11रु59 बजे तक आवेदन कर सकेंगे। यूजीसी के चेयरमैन एम जगदीश कुमार ने ट्वीट किया, कई छात्रों के अनुरोध के बाद हमने रविवार, सोमवार और मंगलवार को सीयूईटी – यूजी के लिए आवेदन पोर्टल को फिर से खोलने का फैसला किया है। आवेदन पोर्टल मंगलवार 11 अप्रैल को रात 11रु59 बजे बंद होगा। अंडरग्रेजुएट कोर्स में प्रवेश के लिए सीयूईटी – यूजी 2022 में शुरू हुआ था। इस साल, पिछले साल की तुलना में पंजीकरण कराने और आवेदन फीस का भुगतान करने वाले छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## डिवाइन स्कूल के बच्चों ने मातृ पितृ पूजन किया दिया भारतीय संस्कृति का संदेश

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शामिल बच्चों ने अपने माता पिता का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया। इस दौरान बच्चों और उनके माता पिता की आंखें भर आई । बच्चों ने अपने माता पिता का चरण पखार कर आरती की। बच्चे जिस समय अपने माता पिता के गले लगे सभी का हृदय द्रवित हो गया। पूजन के सामुहिक दृश्य से सभी आनंदित थे। इस अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि आज का दिन माता-पिता के समर्पण का दिन है। माता-पिता प्रत्यक्ष रूप से ईश्वर के रूप में होते हैं। माता और पिता को बच्चों के साथ समय बीतना चाहिए। उनसे बातें करनी चाहिए। निदेशक आई पी भारती ने कहा कि संतान को अपने माता-पिता से प्रतिदिन कुछ देर उसके विचारों को साझा करनी चाहिए। माता-पिता का भी बच्चों के प्रति मित्रवत व्यवहार होना चाहिए। माता-पिता भी अपने संतान पर विश्वास रखें, उनका हौसला बढ़ाए। माता-पिता की सेवा कर हम अपना सिर्फ कर्तव्य का निर्वहृ करते हैं। इसलिए कम से कम कर्तव्य के पालन में चूक ना करें। हमें अपनी संस्कृति को नहीं भूलनी चाहिए। बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षक राना तेजस्वी ने कहा कि माता पिता के चरणों में ही स्वर्ग है इस लिए जब भी घर से निकलें अपने बड़ों को प्रणाम कर ही घर से निकलें। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीति प्रभा, संजय कुमार यादव, रामनंदन कुमार, सुरेन्द्र कुमार,दिक्षा शर्मा,सी.वेलू, संजय साहा, रमेश कुमार, राकेश कुमार का योगदान सराहनीय रहा।

## घायलों के समुचित ईलाज के लिए डॉक्टर से मिलने पारस हॉस्पिटल राँची पहुँचे पूर्व विधायक

### विजय साहू के परिजन जल्द स्वाथ्य होंगे, भगवान से कामना करता हूँ : मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



बीते दिनों सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के कई लोग घायल हो गए थे वही एक मासूम बच्चा सहित तीन लोगों के मौत हो गया था। घायल का ईलाज राँची स्थित पारस हॉस्पिटल में चल रहा है। लगातार घायलों के समुचित ईलाज के लिए प्रयासरत बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव राँची पहुँचे और डॉक. टरों से मिलकर घायलों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पूर्व विधायक ने घायलों का ईलाज कर रहे डॉ संजय कुमार से मुलाकात कर बेहतर ईलाज की बात कही। डॉक्टर की टीम ने बताया कि पहले से बेहतर स्थित है। पूर्व विधायक ने कहा कि अगर जरूरत पड़े तो बाहर से डॉक्टरों की टीम बुलाना पड़े तो जरूर बुलाये क्योंकि पहले ही विजय कुमार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पूर्व विधायक ने भगवान से दुआ किया कि इलाजरत विजय की पत्नी, बहनोई, भाभी जल्द स्वाथ्य होकर हमसब के बीच होंगे। होनी को कोई टाल नही सकता लेकिन भगवान ऐसी बिपति कभी भी कोई दुश्मन को भी नही दें। मालूम हो कि चंदवारा प्रखण्ड में उरवां में सड़क दुर्घटना में कसियाडीह निवासी सह प्रसिद्ध व्यवसायी विजय साहू के एकलौते पुत्र व माता पिता सहित एक महिला की मौत घटना स्थल पर ही हो गया गया था। घायलों के प्राथमिक ईलाज हजारीबाग स्थित आरोग्यम हॉस्पिटल में हो रहा था जहाँ सदर विधायक मनीष जायसवाल व पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव लगातार उपस्थित रहे फिर घायलों को बेहतर इलाज के लिए राँची स्थित पारस हॉस्पिटल रेफर किया गया था।

## कुशल राजनेता है पूर्व विधायक मनोज यादव, बढ़ती जा रही है लोकप्रियता : अशोक सिंह

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



मनोज यादव



अशोक सिंह

राजनीति में पक्ष विपक्ष पर आरोप प्रत्यारोप करना कोई नई बात नही है। लेकिन बिरले ऐसे देखने को मिलता है जहां पक्ष का नेता विपक्ष के नेता का गुनगान करते नही थकता। जी हां ऐसा ही वाक्या देखने को मिल रहा है जहां कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता भाजपा के पूर्व विधायक का गुणगान करते नही थक रहे है। पाण्डेयबारा पंचायत के पवई निवासी सह वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक सिंह, बकायदा अपने फेसबुक आईडी से अपने नेता को छोड़कर बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव का फोटो पोस्ट करते हुए तारीफों के फूल बांध रहे है। इस संदर्भ में पवई निवासी अशोक सिंह ने बताया कि राजनीति में कोई दोस्त या कोई दुश्मन नही होता। नेताओं के विचार व व्यावहार अच्छी होनी चाहिए। पूर्व विधायक पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए श्री सिंह ने कहा कि मनोज कुमार यादव ने 20 वर्षो तक बरही का प्रति. निधित्व किया है इसका मतलब है कि उनके कार्यों से जनता खुश होगी। मनोज यादव एक कुशल राजनेता है और मैं पक्ष विपक्ष से हटकर हमेशा उनका सम्मान करता हूँ। चुनाव हारने के बाद से पूर्व विधायक क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहे है जिसका परिणाम है कि उनकी लोकप्रियता बढ़ता ही जा रहा है। एक सवाल के जवाब में अशोक सिंह ने कहा कि आने वाले चुनाव में जनता अपने मत का उपयोग अच्छे नेता के चुनने में जरूर करेगी। वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला यादव के सवाल पर अशोक सिंह ने कहा की वर्तमान विधायक पर मुझे कोई टिक्का टिप्पणी नही करना है। अशोक सिंह ने कहा कि मैं कोई पार्टी विरोधी कार्य नही कर रहा हूँ किसी नेता का तारीफ करना कोई अपराध नही है।

## जंगलों में आग लगाने से वन संपत्तियों का हो रहा विनाश

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिले के नवनिर्मित सरयू प्रखंड के वन क्षेत्रों में महुआ चुनने के उद्देश्य से इन दिनों घने जंगलों आग लगा दिया जा रहा है, जिससे वन सम्पत्ती को भारी नुक्सान हो रहा है। जबकि जंगल बचाव को लेकर वन विभाग के द्वारा हर एक वर्ष जागरुकता अभियान चलाया जाता है। उसके बावजूद भी लोग जंगलों में आग लगा दे रहे हैं। जिससे अनेकों प्रकार की औषधि जड़ी बूटी व पेड़ पौधे जलकर नष्ट हो रहा है। वहीं घने जंगलों में रहने वाले अनेकों प्रकार की जीव जंतु आग के कारण प्रभावित हो रहे हैं। जंगल में आग लगने से कितने वन प्राणी घोसले सहित आग के लपेटे में समा जाते हैं जहां उनकी मौत आग से जल कर हो जाती है। बताया जाता है कि जंगलों में आग लगने से वन प्राणियों को मुश्किलें काफी बढ़ रहीं हैं वह अपनी जान बचाने के लिए जंगलों से भटक कर शिक. ारियों के चंगुल में फस जाते हैं और उन्हें शिकार कर लिया जाता है। वहीं पेड़ पौधे जल जाने से वन प्राणियों के साथ साथ अन्य जीवों को शुद्ध वातावरण के लिए मुश्किलें बढ़ रहीं हैं।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## चंद्रवंशी समाज की कोर टीम की बैठक,सामाजिक कुरीतियों से लडने का लिया संकल्प

### धर्म और शिक्षा को आधार बनाने का निर्णय, दो लोगों ने दहेज नहीं लेने का लिया वचन

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



5बिगहा के चंद्रवंशी प्रांगण में बन रहे शिव मंदिर के समक्ष समाज के लोग

बिगहा स्थित चंद्रवंशी प्रांगण में निर्माणाधीन भव्य शिव मंदिर को लेकर समाज की बैठक छत्रधारी चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक कुरीतियों से लडने, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा धर्म के मर्म को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। साथ ही 2024 के शिवरात्रि तक मंदिर निर्माण को पूर्ण करने का संकल्प लिया गया। बैठक में दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए लोगों से आग्रह किया गया जिसमें ईटखोरी के प्रसिद्ध व्यवसायी लखन चंद्रवंशी तथा सेवानिवृत्त बीसीसीएल कर्मी भुनेश्वर चंद्रवंशी ने अपने परिवार में किसी भी बेटे की शादी में दहेज नहीं लेना की घोषणा की। बैठक में ईटखोरी, मयुरहंड व चौपारण के समाज के कोर कमिटि के सदस्यों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि धर्म, अध्यात्म के साथ शिक्षा से ही सामाजिक उन्नति संभव है। नशा पर रोक जरुरी है। बैठक में निर्माणाधीन शिव मंदिर को लेकर समीक्षा की गई। बताया गया कि सतर लाख की लागत से बन रहे मंदिर को 2024 में पूर्ण किया जायेगा। शिवरात्रि में ही भगवान को मंदिर में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए निर्माण को गति देने तथा निर्माण में सहयोगियों को आगे बढने का आह्वान किया गया। बैठक में ही ईटखोरी, मयूरहंड तथा चौपारण के नई प्रखंड कमिटि को सामाजिक प्रमाण पत्र सौंपा गया। उन्हें घर घर जाने का संकल्प दिलाया गया। समाज के युवा कमिटि तथा महिला कमिटि के निर्माण पर भी चर्चा हुई। बैठक का संचालन प्रदीप चंद्रवंशी ने किया। बैठक में सचिव देवधारी चंद्रवंशी, मुरली चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, करूणा चंद्रवंशी, महेंद्र चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी, भुनेश्वर चंद्रवंशी,अशोक चंद्रवंशी, सुनील शेखर, कृष्णा चंद्रवंशी, प्रदीप चंद्रवंशी, ज्ञानी चंद्रवंशी, लखन चंद्रवंशी, लक्ष्मी चंद्रवंशी, रामजीवन चंद्रवंशी, राजु चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी, मदन चंद्रवंशी, रामाधार चंद्रवंशी, सुरेंद्र चंद्रवंशी, अनुप चंद्रवंशी, रामबिलास चंद्रवंशी, मनीष चंद्रवंशी, सुबोध चंद्रवंशी, बलराम चंद्रवंशी समेत बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सामाजिक न्याय मार्च को सफल बनाने को लेकर आजसू की बैठक

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में आजसू पार्टी की बैठक में शामिल कार्यकर्ता

आगामी 13 अप्रैल को आजसू पार्टी द्वारा आहूत सामाजिक न्याय मार्च को सफल बनाने को लेकर रविवार को प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में आजसू प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल व संचालन कोषाध्यक्ष दीपू अकेला ने किया। बतौर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष लीलो महतो एवं विशिष्ट अतिथि जिला सचिव रंजीत गुप्ता मौजूद थे। मौके पर लीलो महतो ने कहा की 13 अप्रैल को आहूत सामाजिक न्याय मार्च में प्रखंड क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे और राज्य सरकार की नीतियों का पोल खोलने का काम करेगी। जिला सचिव लीलो महतो ने कहा कि सरकार ने चुनाव पूर्व जनता से कई वादे किए थे, लेकिन आज तक एक भी काम पूरा नहीं हुआ। कहा कि हमलोगों को एकजुटता का परिचय देना है। प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने कहा कि सामाजिक न्याय मार्च कार्यक्रम में सभी पंचायतों में बैठक कर वर्तमान सरकार की दोहरी नीतियों को बताने के काम करेंगे। इसमें निर्मल महतो पार्क हजारीबाग से डीसी कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए डीसी को ज्ञापन सौपेंगे। बैठक में अध्यक्ष बिनोद बिहारी महतो, दामोदर महतो, गौतम वर्मा, लक्की कुमार, अभिषेक कुमार, सुजीत कुमार, संतोष महतो, भाग. ीरथ पटेल, राजेश साव, शिवनारायण महतो, बाबू खान, रवि कुमार, सतीश कुमार, अशोक महतो, संतोष सिंह, जानकी महतो आदि मौजूद थे।




## सांढ़ पंचायत में बिपिन कुमार के नेतृत्व में निःशुल्क प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### डॉ.बी.आर.अंबेडकर प्रतियोगिता परीक्षा में 250 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा


**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागाँव : बड़कागांव सांढ़ पंचायत में ग्राम सांढ़-छपेरवा समाज द्वारा रविवार को डॉ. भीम राव अम्बेडकर क्विज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता सांढ़ पंचायत परीक्षा सेंटर उत्क्रमित उच्च विद्यालय शिवाडीह में युवा लेखक बिपिन कुमार के नेतृत्व में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। सांढ़ पंचायत के कुल 250 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।प्रतियोगिता परीक्षा दो ग्रुप में विभाजित कर आयोजित हुवी। ग्रुप ए में वर्ग छठा से आठवी क्लास के विद्यार्थी एवं ग्रुप बी में वर्ग नवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन परिचय एवं संविधान की प्रस्तावना,मौलिक अधिकार और मौलिक कर्तव्य से प्रश्न शामिल थे।प्रतियोगिता का परिणाम व पुरस्कार वितरण 14 अप्रैल को इमली चौक सांढ़ में की जायेगी। दोनों ग्रुप के टॉप 10 को पुरस्कार से सम्मानित किया।प्रतियोगिता परीक्षा को सफल बनाने में आयोजक टीम के सदस्य असिस्टेंट प्रोफेसर संतोष रविदास,युवा लेखक व परीक्षा नियंत्रक बिपिन कुमार, प्राचार्य रामचरित्र प्रसाद दांगी,शिक्षक रोहित राम,करन कशिश,अनीश रविदास,अनुज कुमार उर्फ राजा,राजेश कुमार,सुधीर राम,शान्ति कुमारी,अशोक पेंटर,भूपेश कुमार वहीं शिवाडीह उच्च विद्यालय केप्रभारी मुकेश कुमार व शिक्षक कृष्ण दयाल महतो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## अमन श्रीवास्तव के नाम पर्चा जारी, आठ परसेंट की मांग, नहीं तो जान से हाथ धोने की दी धमकी

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**


अमन श्रीवास्तव

लातेहार : दामोदर वैली कॉरपोरेशन के तुबेद कोल प्रोजेक्ट एरिया के विस्थापितों को अमन श्रीवास्तव के नाम से एक पर्चा जारी किया गया है।पर्चा तुबेद कोलियरी के आसपास चिपकाकर अमन श्रीवास्तव गुट के सामलाल जी द्वारा बताया गया है कि डीवीसी कंपनी से रामदयाल, सुमेज, गोविंद, जुगेश्वर, मोहरलाल, मुनीलाल, महेंद्र, जमीदार, लाल सहाय, जोहन, रामकिशुन, सामलाल, विशु एवं बालदेव को जमीन का मुआवजा की राशि का भुगतान किया गया है।पर्चा में चेतावनी दी गई है कि भुगतान की प्राप्त राशि से 8 प्रतिशत अमन श्रीवास्तव को दे दे और नहीं देने पर उन्हें जान से हाथ धोना पड़ेगा।पर्चा में यह भी लिखा गया है कि उपरोक्त कोई भी व्यक्ति होशियारी ना दिखाएं अन्यथा परिवार समेत जान से हाथ धोना पड़ेगा। पर्चा में यह भी कहा गया है कि उपरोक्त मुआवजा पानेवाले व्यक्ति चार दिनों के भीतर पैसा का इंतजाम कर लें। कभी भी उनसे पैसा की मांग किया जा सकता है और नहीं देने पर अंजाम भुगतने को तैयार रहना है। पर्चा में निवेदक के रूप में सामलाल कम्प्यूटर से टाइप करके जारी किया गया है।इसे लेकर तरह-तरह की चर्चा है। वही विस्थापितों में दहशत व्याप्त है। इस संदर्भ में डीवीसी कर्मियों से पुछने पर उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर किया।इस सम्बन्ध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया की इसकी जाँच की जा रही है ऐसा लगता है की यह किसी असामाजिक तत्व की सरारत है।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## महुआडांड़ में ईस्टर (पास्का) परंपरागत तरीके से मनाया गया

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड प्रखंड भर मे मसीह विश्वासीओ ने रविवार को ईस्टर(पास्का) का त्यौहार परंपरागत तरीके से मनाया ।इस अवसर पर संत जोसेफ बड़े गिरजाघर समेत महुआडांड़ के अन्य पल्लीयो में विशेष मिस्सा पूजा, बाइबल पाठ और अनुष्ठान की गई। संत जोसेफ बड़े गिरिजाघर में मुख्य फादर सुरेश,चिरोपाठ चर्च मे फ़ा बर्नाबस खलखो, गोठगांव चर्च मे फादर मृतुलाल, साले मे फादर ज०र्ज तिग्रा पक. रीपाठ मे फादर अमित कुजूर और तुन्दटोली मे फा सुशील लकड़ा ने विशेष मिस्सा पूजा की अगुवाई की ।इस मौके पर साले पल्ली में फादर ज०र्ज ने कहा कि ईस्टर(पास्का) पर्व हमारे लिए आस्था और विश्वास का पर्व है ।इस दिन प्रभु यीशु ने पाप, दुख और तकलीफ से पार पाया ।प्रभु यीशु ने अपने बहुमूल्य जीवन को लोगो की भलाई और खुशी के लिए कुर्बान कर दी और मृत्यु के तीसरे दिन पुनरू जी उठे ।ईस्टर के मौके पर गिरजाघरो मे फादर राजेश किस्पोटा, जान तिर्की, सेल्सियस, कमल, दिलिप, सेलिषटीन, मनोरंजन और फादर सिल्पयुस समेत मसीह विश्वासी उपस्थित रहे।

### ईस्टर अंधकार से प्रकाश में आना : फा.सुरेश

ईस्टर रविवार पूर्व शनिवार की रात जागरण मिस्सा के दौरान अपने संदेश में मुख्य फादर सुरेश ने कहा कि प्रभु यीशु पुण्य शुक्रवार क्रूस पर अपना बलिदान देकर समस्त मानव जाति को उसके पापों से उद्धार किया ।उनका यह बलिदान ईश्वर के प्रति सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है ।र. विवार की रात वह जी उठे । इसी याद में ईस्टर मनाया जाता है ।यह ज्योति का पर्व है ।मृत्यु के बाद जीवन है ।क्योकि प्रभु यीशु प्रकाश की तरह पुनरू जी उठे थे ।हम रात्रि जागरण मिस्सा के माध्यम से ज्योति (मोमबत्ती) जलाकर ज्योति की गुनगान करते हैं ।ईस्टर का शाब्दिक अर्थ है गुलामी से आजाद होना, अंधकार से प्रकाश में आना।

समाज से जुड़कर करें सेवा

इस मौके पर फादर बार्थो ने विश्वासीयो के बीच अपने संदेश में कहा कि जिस प्रकार ईश्वर ने प्रभु यीशु के क्रूस पर बलिदान से मनुष्यों को अपने से जोड़ने का काम किया ।प्रभु यीशु काफी दुख तकलीफ सहे.क्रूस मृत्यु से उन्होंने समस्त मानव जाति के पापों का उद्धार किया। आज हमें प्रभु की उपासना के साथ यह संकल्प लेने की आवश्यकता है ,कि हम आपस के झगड़े-झंझट, ईष्या-द्वेष आदि कुरीतियों को भूलकर समाज सेवा का कार्य करें।




Our Partners

ICICI Lombard
TATA AIG
Liberty General Insurance
HDFC ERGO
FUTURE GENERALI
digit
care
Royal Sundaram
Oriental Insurance
New India Assurance
Chola MS

सुविधा उपलब्धः-NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy




8809224003
Keshri Electronic
Patna Road, Barhi
Email ID :- kp_keshri@yahoo.co.in
PAN No. :- BRRPA7461G
Owner - Priyanka
बरही में पहली बार
मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स
सामानों एवं फर्नीचर
पर फाइनांस की सुविधा।
*0% ब्याज
EMI
BAJAJ FINSERV






डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, 